# पदः एडिटोरियल एनालिस्ट | आईडीआर हिंदी

इंडिया डेवलपमेंट रिव्यू (आईडीआर) सामाजिक बदलाव और फिलेंथ्रॉपी से जुड़ी आवाज़ों को प्रकाशित करने वाला एशिया का सबसे बड़ा स्वतंत्र ज्ञान मंच है। हम विकास सेक्टर से जुड़ी चुनौतियों और अनुभवों को मंच देते हैं, ताकि असल मुद्दों पर सार्थक संवाद को बढ़ावा मिल सके।

## भूमिका

हम आईडीआर हिंदी के लिए एक एडिटोरियल एनालिस्ट की तलाश में हैं, जो शोध, लेखन और संपादन के माध्यम से हमारी कहानियों को प्रभावशाली रूप से पाठकों तक पहुंचा सके। इस भूमिका में आपः

- विकास सेक्टर से जुड़े विषयों और कहानियों की पहचान करेंगे, शोध करेंगे, और लेख लिखेंगे।
- विशेषज्ञों से बातचीत के आधार पर संपादकीय सामग्री तैयार करेंगे।
- फील्ड विज़िट, कार्यक्रमों और सम्मेलनों में हिस्सा लेंगे।
- संपादकीय रणनीति के अनुसार टीम के साथ मिलकर काम करेंगे।

हम ऐसे उम्मीदवार की तलाश में हैं, जो

- विकास सेक्टर में 1-2 वर्ष का अनुभव और इसके मुद्दों की समझ रखते हों।
- लेखन, संपादन और/या कंटेंट तैयार करने का अनुभव रखते हों।
- शोध और नए विषयों पर काम करने में रुचि रखते हों।

## आवश्यक कौशल

- उत्कृष्ट लेखन, संपादन और संचार कौशल।
- हिंदी भाषा पर अच्छी पकड़ (किसी अन्य भारतीय भाषा का ज्ञान अतिरिक्त लाभ होगा)।
- बारीकियों पर ध्यान और तथ्यपरक शोध की क्षमता।
- समय-सीमाओं का प्रभावी प्रबंधन।

## आवेदन

अपना CV और लेखन का एक नमूना hiring@idronline.org पर 'Analyst - Hindi Editorial' विषय के साथ भेजें।

आपके लेखन का नमूना किसी अन्य व्यक्ति या एआई द्वारा लिखा या संपादित नहीं होना चाहिए।

वेतन: ₹4-5 लाख वार्षिक (अनुभव, कौशल और योग्यता के आधार पर)

कार्यस्थलः यह भूमिका सभी उम्मीदवारों के लिए खुली है। दिल्ली-एनसीआर में रहने वाले उम्मीदवारों से सप्ताह में दो दिन और मुंबई में रहने वाले उम्मीदवारों से सप्ताह में एक दिन ऑफिस से काम करने की अपेक्षा होगी। अन्य सभी जगहों के लिए यह पूर्ण रूप से रिमोट भूमिका है।

आवेदन की अंतिम तिथि: 20 नवम्बर, 2026